Roll No. ....

ED–2153

B. A. (Part II) EXAMINATION, 2021

HINDI LITERATURE

Paper First

(अर्वाचीन हिन्दी काव्य)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 75

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। अनर्गल लेखन पर अंक काटे जायेंगे। अति लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर प्रश्नसहित एक साथ लिखिए।

1. निम्नलिखित काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 21

(क) वे देश जो है आज उन्नत और सब संसार से
चौंका रहे है नित्य सबको नव नवाधिकार से,
बस ज्ञान के संचार से ही बढ़ सके हैं वे वहाँ,
विज्ञान बल से ही गगन में चढ़ सके हैं वे वहाँ॥

अथवा

जनता पर जादू चला राजे के समाज का
लोक-नारियों के लिए रानियाँ आदर्श हुई

P. T. O.

धर्म का बढ़ावा रहा धोखे से भरा हुआ

लोहा बजा धर्म पर, सभ्यता के नाम पर।
खून की नदी बही।
आँख-कान मूँदकर जनता ने डुबकियाँ ली
आँख खुली-राजे ने अपनी रखवाली की।

(ख) खोलता इधर जन्म लोचन
मूँदती उधर मृत्यु क्षण-क्षण;
अभी उत्सव औ हास हुलास
अभी अवसाद, अश्रु उच्छवास!
अचिरता देख जगत् की आप
शून्य भरता समीर निश्वास,
डालना पातों पर चुपचाप
ओर के आँसू नीलाकाश।

अथवा

'क्लेश ?' वह निष्कर्मों का लाभ कभी पहुँचा देता है क्लेश,
'लेश भी कभी न की परवाह जानते इसे स्वयं सर्वेश।
'देश ?' यह प्रियतम भारत देश, सदा पशु बल से जो बेहाल,
'वेश ?' यदि वृन्दावन में रहें कहा जावे प्यारा गोपाल।

(ग) हे महाबुद्ध!
अर्पित करती हूँ तुझे।
वही-वही प्रत्येक भले प्याला जीवन का,
वहीं-वहीं नैवेद्य चढ़ा
अपने सुन्दर आनन्द-निमिष का,
तेरा हो
हे विगतावत के, वर्तमान के पद्मकोश।
हे महाबुद्ध!

अथवा

तुम्हारा घर
वहाँ है
जहाँ सड़क समाप्त होती है
पर मुझे जब
सड़क पर चलते ही जाना है
तब वह समाप्त कहाँ होती है ?
तुम्हारा घर............

2. 'श्री मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रीय जागरण की चेतना के वाहक थे।" सोदाहरण समझाइए।

अथवा

"सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' को युग प्रतिनिधि माना जाता है।" इस कथन को उनके काव्य के आधार पर विवेचित कीजिए।

3. माखन लाल चतुर्वेदी की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

"सुमित्रानंदन पंत कोम कल्पनाओं के कवि हैं।" उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणियाँ लिखिए। 15

(i) हरिऔध की भाषा

(ii) सुभद्रा कुमारी चौहान के काव्य में राष्ट्रीय चेतना

(iii) श्रीकांत वर्मा की प्रमुख कृतियाँ

(iv) माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य का मूल स्वर

(v) प्रयोगवाद की मूल प्रवृत्तियाँ

(vi) नई कविता की प्रमुख विशेषताएँ

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10

(i) हिन्दी भाषा जनता का प्रतिनिधि कवि किसे कहा जाता है ?

(ii) पत्थर तोड़ती हुई महिला को कवि निराला ने कहाँ और किस समय देखा ?

(iii) 'प्रकृति के सुकुमार कवि' किस कवि को कहा जाता है ?

(iv) 'रबड़-छन्द' किसे कहा जाता है ?

(v) महाकाव्य 'लोकायतन' की रचना किसने की ?

(vi) वह कौन-सा कवि है जिसने छायावाद की सीमाओं का अतिक्रमण कर प्रगतिवाद, गांधीवाद से होते हुए अरविन्द दर्शन की वैचारिक जमीन पर काव्य रचना की ?

(vii) 'निःशस्त्रसेनानी' कविता के रचनाकार का नामोल्लेख कीजिए।

(viii) 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से जाने वाले कवि का नाम लिखिए।

(ix) प्रथम तार सप्तक का प्रकाशन किसने किया ?

(x) 'श्रीकान्त वर्मा' कहाँ से राज्यसभा सदस्य हुए ?

(xi) बिलासपुर जेल में रहते हुए किस साहित्यकार ने कौन-सी रचना की ?

(xii) 'बसंत पंचमी' के दिन किस कवि का 'जन्मदिवस' मनाया जाता है ?

(xiii) हरिऔध का पूरा नाम लिखिए।

(xiv) निरालाजी ने किस पत्रिका का सम्पादन किया था ?

(xv) 'किधर मुड़ूँ

उत्तर के दक्षिण

या पूर्व के पश्चिम में?' ये पंक्तियाँ किस कवि की है ?

(xvi) नई कविता के शलाकापुरुष किस कवि को माना जाता है ?

(xvii) 'चुभते चौपदे' और चौखे चौपदे' संग्रह के रचनाकार का नाम लिखिए।

(xviii) 'बाहर से भीतर की ओर मात्रा' किस वाद के लिए कहा गया है ?

(xix) हिन्दी में आधुनिक का प्रारम्भ किस युग से हुआ ?

(xx) आपके पाठ्य पुस्तक का 'सम्पादकीय लेखन' किस लेखक के द्वारा हुआ है ?